This question paper contains **2** printed pages]

G—116—2018

FACULTY OF ARTS

M.A. (First Year) (Second Semester) EXAMINATION

OCTOBER/NOVEMBER, 2018

HINDI

Paper VI

(नाट्य साहित्य भाग-2)

(Thursday, 29-11-2018) **Time : 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

Time—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

N.B. :— (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए :

(अ) ''मैं बार-बार पूछता अपने शरीर से कि इसके बाद क्या होता है?—अपनी नसों की जाल से............अपने रुधिर की गर्मी से, अपने यौवन से, अपने पुरुषत्व से............और उत्तर के रूप में मेरी आँखों के आगे आ जाता—अन्धकार.............घना अन्धकार..............केवल अन्धकार......................।'' 10

अथवा

''बचूँ चाहे मरूँ। लेकिन अपने गुरु को दिये प्रण नहीं तोड़ूँगा रानी साहब। मुझे माफ कर दो। हत्या मत करो। पाप मत करो।''

(आ) मैं इस घर में एक रबड़-स्टँप भी नहीं, सिर्फ एक रबड़ का टुकड़ा हूँ—बार-बार घिसा जाने वाला रबड़ का टुकड़ा। इसके बाद क्या कोई मुझे वजह बता सकता है, कि क्यों मुझे रहना चाहिए इस घर में? 10

अथवा

निभायी है मैंने............और पाँच वर्ष तक मर्यादा निभाने में उतना संतोष नहीं मिला, जितनी तृप्ति इस एक रात में मिली है।.................बोलो............किसे मानूँ.......किसको दूँ महत्व?

P.T.O.

0015BA338C244778283CA8AF340CC07A

2. 'चरणदास चोर' नाटक की रंगमंचीय सफलता पर प्रकाश डालिए। 20

अथवा

हिंदी नाटक की विकास यात्रा प्रस्तुत करते हुए भारतेंदुजी के योगदान की चर्चा कीजिए।

3. '' 'आधे-अधूरे' समकालीन जिदंगी का पहला सार्थक नाटक है।'' इस कथन की समीक्षा कीजिए। 20

अथवा

हिंदी नाटक साहित्य के उद्‌भव एवं विकास पर संक्षिप्त निबंध लिखिये।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **15-20** पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) जगदीशचंद्र माथुर के नाटकों की विशेषताएँ लिखिए।

(*ii*) गिरीश कर्नाड का जीवन—परिचय दीजिए।

(*iii*) धर्मवीर भारती का हिंदी नाटक साहित्य में स्थान निश्चित कीजिए।

(*iv*) उपेन्द्रनाथ 'अश्क' के नाटकों का परिचय दीजिए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) 'धर्मयुग' के संपादक कौन हैं?

(*ii*) 'अब गरीबी हटाओ' किस विधा की रचना है?

(*iii*) जगदीशचंद्र माथुर का जन्म कब हुआ?

(*iv*) 'तुघलक' किसकी रचना है?

(*v*) 'जय-पराजय' के रचनाकार कौन हैं?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'बकरी' नाटक के रचनाकार........................हैं।

(*ii*) जगदीशचंद्र माथुर का जन्म........................शहर में हुआ।

(*iii*) कैद........................विधा की रचना है।

(*iv*) धर्मवीर भारती की मृत्यु..............................ई.सन् में हुई।

(*v*) 'हयवदन' के रचनाकार........................हैं।

0015BA338C244778283CA8AF340CC07A